卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 285 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦23 जुलाई 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# हर शहर को बनायेंगे ग्रीन सिटी: धामी

## रूद्रपुर में सीएम ने किया करोड़ों की योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण, कई घोषणाएं भी की









रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्यमंत्री ने नगर निगम में आयोजित समारोह में 1500 लाख की लागत से निर्मित उत्तराखण्ड के पहले कम्प्रेस्ड बायो गैस प्लांट, नगर निगम में 215.90 लाख से निर्मित स्व. श्री सुभाष चतुर्वेदी स्मृति सभागार , सिडकुल रोड से ट्रांजिट कैम्प थाने की ओर 600 मी० डिवाईडर युक्त सी०सी० सड़क निर्माण और वार्ड नंबर एक में जेसीज स्कूल से शिमला बहादुर मेन रोड सहित कुल 24 करोड़ से अधि की योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। सीएम धामी ने इस मौके पर रूद्रपुर के मोदी ग्राउण्ड में इंडोर आउटडोर स्टेडियम बनाने, रूद्रपुर की सड़कों के निर्माण के लिए दो करोड़ देने, ,मल्टी स्टोरी पार्किंग का निर्माण करने, सहित कई घोषणाएं भी की। इस अवसर पर सीएम धामी ने मेयर रामपाल सिंह के नेतृत्व में रूद्रपुर नगर निगम द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की। सीएम धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड का पहला कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट (शेष पृष्ठ सात पर)


## पहली बार मेयर की कुर्सी पर बैठकर भावुक हुए रामपाल



रूद्रपुर। नगर निगम के नये सभागार और सीबीजी प्लांट का लोकार्पण करने पहुंचे सीएम सीएम पुष्कर सिंह धामी ने मेयर रामपाल सिंह को सम्मान के साथ उनकी कुर्सी पर बैठाया तो मेयर रामपाल भावुक हो उठे। दरअसल मेयर रामपाल सिंह ने मेयर का चुनाव लड़ते समय संकल्प लिया था कि जब तक नजूल भूमि की समस्या का समाधान (शेष पृष्ठ सात पर)

## होटल व्यवसायी को कोबरा से डसवाने वाली युवती प्रेमी संग गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। होटल व्यवसायी अंकित चौहान को कोबरा से डसवाने वाली उसकी प्रेमिका माही उर्फ डौली को पुलिस ने उसके प्रेमी दीप कांडपाल के साथ गिरफ्तार कर लिया है। बता दें 14 जुलाई को शाम छह से रात 10 बजे के बीच सुशीला तिवारी अस्पताल के पास निवासी अंकित चौहान की उसकी प्रेमिका रह चुकी माही उर्फ डौली ने अपने दूसरे प्रेमी दीप कांडपाल और सपेरे के साथ मिलकर कोबरा से डसवाकर हत्या कर दी थी। माही ने सपेरे रमेश नाथ से कोबरा सांप मंगवाया। इससे पहले उसने सपेरे से भी शारीरिक संबंध बनाये। 14 जुलाई की रात अंकित को कोबरा से डसवाकर तीनपानी में रेलवे फाटक के पास कार में छोड़ दिया। इसके बाद सभी फरार थे। घटना के तीन दिन बाद पुलिस ने सपेरे रमेश नाथ को गिरफ्तार कर सनसनीखेत वारदात का (शेष पृष्ठ सात पर)



## मोदी मैदान का वाकया याद आते ही मुस्कराने लगे धामी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर के विकास से सम्बन्धित योजनाओं को बताते जब मोदी मैदान की बात आई तो प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एकाएक मुस्कराते हुये बोले कि रूद्रपुर के मोदी मैदान को लेकर एक दिलचस्प वाक्या जुड़ा हुआ है जिसका ध्यान आते ही उनके चेहरे पर मुस्कराहट आ जाती है। श्री धामी ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांशी योजना के तहत निर्धन लोगों को आवास देने की योजना के तहत मोदी मैदान का चयन किया गया था जिसके लिये प्रस्ताव भी केन्द्र में जा चुका था। तभी क्षेत्र के विधायक शिव अरोरा ने उनसे सम्पर्क करते हुये उक्त प्रस्ताव को अन्यंत्र (शेष पृष्ठ सात पर)

## समझदार के साथ सबसे खूबसूरत भी हैं धामी:भट्ट

रूद्रपुर । केन्द्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट ने अपने सम्बोधन की शुरूआत प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की तारीफों के साथ की। उन्होंने कहा श्री धामी उत्तराखण्ड के लोकप्रिय मुख्यमंत्री होने के साथ–साथ युवाओं के प्रेरणाश्रोत भी है। श्री भट्ट ने कहा कि धामी काफी समझदार होने के साथ–साथ यहां बैठे लोगों में सबसे खूबसूरत भी है। श्री भट्ट की इस बात पर वहां उपस्थित जनसमूह ने भी इसका समर्थन करते हुये धामी–धामी के जोरदार नारे लगाये। श्री (शेष पृष्ठ सात पर)



## तलाक नहीं देने पर पत्नी ने कराया जानलेवा हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पत्नी को तलाक न देने पर उसने अपने रिश्तेदारों के साथ पति पर जानलेवा हमला कर दिया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में जसवीर पुत्र स्व. गुरमीत सिंह निवासी प्रीत विहार कालोनी 2 नम्बर गली नम्बर 4 ने कहा है कि उसकी पत्नी छिन्दर कौर 6 साल पहले उसे छोड़कर अपने जीजा गुरप्रीत सिंह के पास रह रही है। जिसके चलते गत 2 जुलाई को छिन्दर कौर, जीजा गुरप्रीत सिंह पुत्र गुरदयाल सिंह अपने साथियों मिन्टू पुत्र रेशम सिंह, गुरप्रीत का जीजा सेठी एक राय होकर तलवार,धाव, कापा (शेष पृष्ठ सात पर)

## कैंटर से कुचलकर बाइक सवार की दर्दनाक मौत



काशीपुर(उद संवाददाता)। कुंडा थाने के सामने देर रात अनियंत्रित कैंटर की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। अचानक घटी घटना को लेकर मृतक परिवार में कोहराम मचा है। जानकारी के मुताबिक ग्राम बक्सौरा थाना कुंडा निवासी रेशम सिंह 28 वर्ष पुत्र कुलवंत सिंह खेती–बाड़ी करता था। वर्ष 2022 की 12 फरवरी को उसकी शादी हुई थी। बच्चे नहीं है। पता चला है कि गत शनिवार की रात्रि मोटरसाइकिल पर सवार होकर वह कुंडा जरूरी काम से आया था। रात्रि लगभग 9 बजे जब वह वापस घर की ओर लौट रहा था इसी दौरान थाने के ठीक सामने बने स्पीड ब्रेकर पर कैंटर संख्या अज्ञात के चालक ने तेजी व लापरवाही से मोटरसाइकिल में टक्कर मारकर युवक को मौत के घाट उतार दिया। इस दौरान जब तक मौके पर भीड़ जमा होती वाहन चालक वहां से फरार हो गया। घटना थाने के समीप लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सुपुर्द कर दिया। थाने के ठीक सामने इस तरह की गंभीर दुर्घटनाएं घटित हो रही है तो क्षेत्र में अन्य स्थानों पर क्या हाल है इसका अंदाजा (शेष पृष्ठ सात पर)

## डंपर की टक्कर से दो कांवड़ियों की मौत,एक गंभीर

### हादसे के बाद आक्रोशित कांवरियों ने फूंकी कार



रूड़की(उद ब्यूरो)। कांवड़ियों के साथ एक बार फिर दर्दनाक हादसा हुआ है। बाइक से जल लेकर दिल्ली लौट रहे कांवर यात्रियों को बेकाबू डंपर ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दों कांवरियों की मौत हो गई जबकि एक घायल हो गया। घटना से गुस्साए अन्य कांवरियों ने मौके पर हंगामा आटते हुए एक कार को आग लगा दी। पुलिस ने बमुश्किल कांवरियों को शांत किया। जानकारी के मुताबिक रुड़की मंगलौर बाईपास मार्ग पर टोडा खटका के पास रविवार सुबह बाइक पर सवार होकर तीन कांवरिये जल लेकर दिल्ली की ओर जा रहे थे कि तभी पीछे से आ रहा एक बेकाबू डम्पर ने बाइक को रौंद दिया। हादसे में तीन कांवरिये गंभीर रूप से घायल हो गये। आनन–फानन में सभी घायलों को सिविल अस्पताल भिजवाया गया। सिविल अस्पताल में चिकित्सकों ने 26 वर्षीय मनोज पुत्र मेवाराम निवासी धौलपुर कामबेपुरा थाना धौलपुर राजस्थान व 22 वर्षीय अनिल कुमार पुत्र शंति नंदन निवासी (शेष पृष्ठ सात पर)

## जत्थेदार बाबा तरसेम सिंह को जान से मारने की धमकी



नानकमत्ता(उद संवाददाता)। धार्मिक डेरा कार सेवा के जत्थेदार बाबा तरसेम सिंह के खिलाफ सोशल मीडिया पर अभद्र भाषा प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई है। डेरे के प्रबंधक की तहरीर पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। धार्मिक डेरा कार सेवा के प्रबंधक चरनजीत सिंह पुत्र दिलीप सिंह ने पुलिस को प्रार्थना पत्र सौंपकर बताया कि 17 जुलाई को सोशल मीडिया के फेसबुक अकाउंट पर जगीर सिंह जख्मी ने डेरे के जत्थेदार बाबा तरसेम सिंह के गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब की प्रबंधक कमेटी में हस्तक्षेप का आरोप लगाते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए पोस्ट डाली थी। पोस्ट को शेयर करते हुए परमजीत सिंह खालसा ने बाबा जी की फोटो लगाकर उनको जान (शेष पृष्ठ सात पर)

## बाघ की खाल और हड्डियों सहित चार तस्कर गिरफ्तार




रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एसटीएफ टीम तथा वन कर्मियों ने वन तस्करों के विरुद्ध संयुक्त कार्रवाई करते हुए चार वन्य जीव तस्करों को खटीमा में दबोच लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से बाघ की करीब 11फुट लंबी खाल, भारी मात्रा में हड्डियां तथा बोलेरो वाहन बरामद किया गया। एसएसपी एसटीएफ ने टीम को पांच हजार रुपए ईनाम देने की घोषणा की है। मामले का खुलासा करते हुए एसटीएफ कुमाऊं यूनिट के निरीक्षक एमपी सिंह ने बताया कि वन्यजीव तस्करी का नेटवर्क उत्तराखण्ड से दिल्ली तक फैला है। उत्तराखण्ड में अब तक की सबसे बड़ी टाइगर खाल एसटीएफ द्वारा बरामद की गई है। जिस पर एसएसपी एसटीएफ द्वारा टीम के लिए 5000 रुपया नकद इनाम की घोषणा की गई। उन्होंने बताया सीओ एसटीएफ सुमित पाण्डे के नेतृत्व में उत्तराखण्ड एसटीएफ, वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो दिल्ली व तराई पूर्वी वन प्रभाग हल्द्वानी की एसओजी की संयुक्त टीम ने कल रात्रि खटीमा क्षेत्र में कार्यवाही करते हुए चार शातिर वन्यजीव तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 01 टाइगर(बाघ) की खाल व करीब 15 किग्रा बाघ की हड्डी बरामद की (शेष पृष्ठ सात पर)

# सीएम धामी ने खटीमा मे सुनी लोगोंकी समस्यायें

खटीमा (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज लोहिया हेड गेस्ट हाऊस में दूर दराज से आए लोगों से मिले और उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियो को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। श्री धामी के यहां पहुंचने पर क्षेत्र का कई लोगों ने उनसे मुलाकात की और उन्हें तमाम जन समस्याओं से अवगत कराते हुए उनके अपने स्तर से शीघ्र समाधान कराने का आग्रह किया। जिस पर मुख्यमंत्री श्री धामी ने मौके पर मौजूद प्रशासनिक एवं विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा





कि सभी समस्याओं का तत्काल निस्तारण किया जाए। साथ ही भविष्य में हर जन समस्या का तुरंत समाधान हो इस पर विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक अवश्य पहुंचे। साथ ही विकास कार्यों की गुणवत्ता पर भी पूरा ध्यान रखा जाए। मुख्य मंत्री श्री धामी ने मिलने आए लोगों से कहा कि वह भी क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों पर नजर रखें और राज्य को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने में सरकार के साथ सहयोग करें। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री के नारे सबका साथ, सबका विकास , सबका विश्वास को हम सबने मिलकर सार्थक करना है।

# भातीय वाल्मीकि धर्म समाज के नितिन बने जिला अध्यक्ष

किच्छा(उद संवाददाता)। भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज (भीम) संगठन की एक बैठक किच्छा नगर कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से पहुँचे राष्ट्रीय अध्यक्ष एफ वीरेश भीम अनार्य का नितिन वाल्मीकि के नेतृत्व में फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया गया ।इस मौके पर सामाजिक विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि समाज के कमजोर लोगों के जीवन को सुधार के लिए प्रयास करना होगा। इस अवसर पर कार्यकारिणी



का विस्तार करते हुए राकेश कुमार वाल्मीकि को प्रदेश सचिव, नितिन वाल्मीकि को जिला अध्यक्ष, आकाश भारती को नगर अध्यक्ष व शिवम कुमार को नगर अध्यक्ष यूथ विंग की घोषणा कर नियुक्ति पत्र देकर कार्यकारिणी का विस्तार किया। इस दौरान राष्ट्रीय प्रचार मंत्री कैलाश एकलव्य, प्रदेश महासचिव राजू अंबेडकर,विजय अनार्य, दिलीप वाल्मीकि, देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार,शाखा अध्यक्ष कैलाश वाल्मीकि,उत्तरांचल स्वच्छकार कर्मचारी संघ, शाखा अध्यक्ष सचिन चरन, उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ शाखा अध्यक्ष अरुण कुमार, चौधरी ईशा चरन, विमल चरन, विवेक चरन, अंकित कुमार, राकेश भारती,अरुन कुमार, धर्मेंद्र ,राजू वाल्मीकि आदि थे।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर सैकड़ों लोगों ने करायी जांच

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वार्ड नंबर 18 खेड़ा ईदगाह में शहर के प्रतिष्ठित अस्पताल मेट्रोसिटी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का स्वास्थ्य शिविर में आये मरीजों शुगर की जांच के साथ ही नि:शुल्क दवाईयों का वितरण किया गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों को उनकी बीमारी से अवगत हॉस्पिटल द्वारा शहर में समय समय पर जन हित में विभिन्न जगहों पर नि:शुल्क कैंप लगाए जाते हैं ताकि गरीब लोगों को उनके आवास के पास ही सुलभ करने के साथ ही उन्हें स्वस्थ रहने के लिए हेल्थ संबंधित जानकारी देना है। इस कैंप को सफल बनाने में मेट्रो सिटी हॉस्पिटल के जनरल मैनेजर आशीष थापा, डा.





आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में लगभग 300 मरीजों ने विभिन्न चिकित्सा सुविधाओं का लाभ उठाया। नि:शुल्क कराते हुए उन्हें महत्वपूर्ण सलाह दी गई। मेट्रो सिटी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के एमडी डा. मनदीप सिंह ने बताया कि चिकित्सा उपलब्ध हो सके। उसी संदर्भ में यह कैंप लगाया गया। कैंप लगाने का मुख्य उद्देश्य लोगों की बीमारी का उपचार फैजान मलिक, प्रमोद, उषा, कविता, मोहम्मद दानिश एवं मोहम्मद इसरार आदि का प्रमुख योगदान रहा।

# एटीएम से छेड़खानी कर पैसे चुराने वाला शातिर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एटीएम मशीन के साथ छेड़छाड़ कर रुपए चुराने वाले शातिर चोर चोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया ही। उसके पास से हजारों की नगदी, फर्जी आधार कार्ड, दस एटीएम कार्ड, फर्जी एटीएम स्लिप बरामद की गई। जानकारी के अनुसार नवीन चंद्र पाटनी मुख्य प्रबंधक अल्मोडा अर्बन कॉपरेटिव बैंक शाखा काठगोदाम द्वारा इस मामले में मुकदमा दर्ज कराया गया था। मामले के खुलासे के लिए प्रमोद पाठक थानाध्यक्ष काठगोदम के नेतृत्व में काठगोदाम पुलिस टीम ने अल्मोडा अर्बन कॉपरेटिव बैंक एटीएम बृजलाल अस्पताल के सामने काठगोदाम से एक व्यक्ति को एटीएम मशीन में छेड़छाड़ कर फर्जी स्लिप प्राप्त कर धोखाधड़ी तरीके से पैसे निकालते हुए गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से फर्जी तरीके से चोरी कर निकाले 30 हजार रुपये, फर्जी स्लिप एवं 3 आधार कार्ड जिसमे एक फर्जी आधार कार्ड व 10 एटीएम कार्ड बरामद हुए। पकड़े गए चोर ने अपना नाम पता रणवीर सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी गंगापुर निकट किदवई नगर पुलिस चौकी थाना एटीएम मशीन में अपने कार्ड को लगाकर पिन डालकर पैसे निकालता है और जैसे ही पैसे मशीन से निकलने वाले होते है मशीन के डिस्पेंसर शटर को हाथ लगाकर रोक देता है और खुलने नही देते फिर हाथ



नावस्ता जिला कानपुर बताया।कड़ी पूछताछ में उसने बताया कि वह अपने एवं पहचान वालो के एटीएम कार्ड लेकर अपने शहर से दूर जाकर किसी भी हटा लेता है। जिससे पैसे तो मशीन से निकल जाते है किंतु उसे मशीन से जो स्लिप जिसमें इरर दिखता है साथ ही उसके खाते के ट्रांसक्शन में भी इरर लिखा आता है। उसके बाद अपनी इस फर्जी एटीएम स्लिप एवं खाते के इरर ट्रांसक्शन डिटेल को अपने खाते के होम ब्रांच में जरिये प्रार्थपत्र पैसे वापस करने के दावा कर बैंक से फिर उतनी ही रकम ओर लेते है जिससे उनको बहुत मुनाफा होता है और साथ ही बैंक को बहुत ज्यादा आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ता है। उसने बताया कि वह जहां पर अपराध करते हैं उस स्थान के होटल में रुकने के दौरान अपनी फर्जी आधार कार्ड लगाकर होटल में रुकते हैं जिससे पुलिस की गिरफ्त से बचा जा सके। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे प्रमोद पाठक थानाध्यक्ष काठगोदाम, उनि फिरोज आलम चौकी प्रभारी मल्ला काठगोदाम, उनि महेंद्र राज सिंह चौकी प्रभारी दमुवाढूंगा, कानि लोकेश उपाध्याय, प्रमोद कुमार, योगेश कुमार, कारज सिंह व संजय साहनी शामिल थे।

# उजाड़े गए लोगों के लिए घर व रोजगार देने की व्यवस्था करे सरकार : मतीन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। समाजवादी पार्टी के उत्तराखण्ड प्रदेश प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी ने नैनीताल मेट्रोपोल के निवासियों शत्रु सम्पत्ति के अतिक्रमणकारी बता कर हटाये जाने की घटना को शर्मसार करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि मोजूदा सरकार और स्थानीय प्रशासन को यह देखना चाहिये था कि इस भारी बरसात के मौसम में यह गरीब मजदूर कहाँ जायेंगे। कई बच्चों की अर्धवार्षिक परीक्षायें चल रही है। वहीं कई दुधमुँहे बच्चे है। जिनका भविष्य अब बेघर होने के बाद अंधकारमय हो गया है। श्री सिद्दीकघी ने कहा कि जहाँ भाजपा की केन्द्र व प्रदेश सरकारें हर परिवार को पक्का मकान देने की बात करती है। वहीं नैनीताल में कच्चे मकानों में रह रहे गरीब परिवारों को बेघर करके यह साबित कर दिया है कि भाजपा की कथनी और करनी में जमीन आसमान का अन्तर है। भाजपा सरकार गरीबी नहीं गरीबों को ही मिटाना चाहती है। श्री सिद्दीकघी ने कहा कि मेट्रोपोल निवासियों की अविलम्ब स्थानीय प्रशासन या प्रदेश सरकार को पुर्निवास व्यवस्था करनी चाहिये। उन्होंने कहा कि जिस तरह से पूरे प्रदेश में गरीबों के मकानों एवं दुकानों को अतिक्रमण के नाम पर तोड़ कर बेघर और बेरोजगार किया गया है।उन्हें अविलम्ब उनके घरों एवं रोजगार की व्यवस्था स्थानीय प्रशासन या प्रदेश सरकार को करनी चाहिये। अन्यथा प्रदेश की जनता आगामी निकाय एवं लोकसभा चुनाव इसका करारा जवाब देगी।

# पुण्य तिथि पर संत सुभाष बापू का भावपूर्ण स्मरण

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। महामंडलेश्वर संत सुभाष बापू की प्रथम पुण्य तिथि पर अमर योग क्लब द्वारा सिटी क्लब में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सभी ने सुभाष बापू जी को श्रद्धासुमन अर्पित किये और



उनके आदर्शों पर चलन का संकल्प लिया। इस दौरान भजन कीर्तन भी हुआ। जिसके उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर अशोक कालरा, अशोक खुराना, नरेश घई, राजकुमार सीकरी, हनीश ग्रोवर, नीरज बत्रा, राजीव अनेजा, राजीव ग्रोवर, विजय सूरी, गुश्लान नारंग, सुनील आनंद, सन्नी, सुरेश सिधर, दीपक नारंग, राजेश आनन्द, प्रभाष स्वर्णकार, जुगनू अरोरा, सतीश घीक, हरीश जनुजा, हरीश गुम्बर, राकेश अरोरा, मनोज बाठला, अमित गाबा आदि मौजूद थे।

# सब्जियों की माला पहन कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सब्जियों की आसमान छूती कीमतों के विरोध में यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू के नेतृत्व में सब्जियों की बनी माला पहनकर अनोखे अन्दाज में जोरदार विरोध करते हुऐ जमकर नारेबाजी की।हेमन्त साहू ने कहा सब्जियों के बढ़ती कीमतों की वजह से गरीबों के सामने खाने का संकट खड़ा हो गया है। जनता मंहगाई बेरोजगारी की वजह से परेशान



है लेकिन केन्द्र व राज्य सरकार आँख बंद करे बैठी है। सरकार को महंगाई से निपटने के लिए सख्त कदम उठाए वरना युवा कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगा। पूर्व पार्षद शोभा बिष्ट, जिला कोडिनेटर सचिन राठौर व शाहनवाज मालिक ने कहा रसोई गैस व दैनिक उपयोग की वस्तुओं के बाद अब सब्जियों के बढ़ती कीमतों की वजह से रसोई का बजट बिगड़ गया। इस मौके पर राजेन्द्र बिष्ट, नाजिम अंसारी, अरबाज खान, सन्दीप भैसोड़ा, मो.कैफ, मयंक गोस्वामी रितिक आर्या योगेश कबड़वाल, राधा आर्या, दीपा खत्री, नंदनी खत्री, शानू अल्वी समेत दर्जनों लोग थे।

# विद्यालय प्रबन्ध समिति की नई कार्यकारणी का गठन

पंतनगर(उद संवाददाता)।आदर्श राजकीय बालिका इन्टर कालेज पन्तनगर में विद्यालय, प्रबन्ध समिति की नई कार्यकारणी का गठन किया गया। प्रधानाचार्य श्रीमती शाईस्ता जमाल अध्यक्ष पद हेतु सर्वाधिक मत प्राप्त हुए । सी0एम0 उप्रेती ने उपाध्यक्ष पद हेतु सर्वाधिक मत प्राप्त किए । ललित मोहन सनवाल तथा जितेन्द्र उरांव समिति के पुरूष सदस्य एवं श्रीमती विमला तिवारी



अंसारी द्वारा अभिभावकों का स्वागत कर विद्यालय के क्रिया कलापों से अवगत कराया गया। विद्यालय प्रबन्ध समिति के विगत सत्र के अध्यक्ष शिवानन्द पाण्डेय द्वारा पुरानी कार्यकारणी को भंग किया गया। तत्पश्चात नवीन कार्यकारणी के गठन हेतु चुनाव प्रक्रिया को प्रारम्भ किया गया। अंगद सिंह को तथा श्रीमती आशा चौरसिया समति की महिला सदस्य चुने गये। दलीप कुमार सिंह को विशेष सदस्य तथा शिवानन्द पाण्डेय को संरक्षक हेतु चुना गया। श्रीमती फरहाना जमाल तथा श्रीमती स्वाति प्रकाश पंत शिक्षिका सदस्य नामित हुए कार्यक्रम का संचालन श्रीमती दीपा पाण्डेय द्वारा किया गया।

# जलभराव वाले क्षेत्रों में ड्रेनेज प्लान बनाने के निर्देश

## आपदा क्षेत्रा में प्रभावितों के बीच पहुंचकर स्वयं रेस्क्यू का नेतृत्व करें सभी जिलाधिकारीः सीएम

खटीमा( उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को खटीमा स्थित यूजेवीएनएल गेस्ट हाउस में आपदा के दृष्टिगत कुमाऊं मंडल के जनपदों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोशल मीडिया में आपदा से संबंधित भ्रामक खबरों का संबंधित विभाग द्वारा खंडन करने को कहा। साथ ही जिले के अधिकारियों को आपदा ग्रस्त क्षेत्रों में मौके पर पहुंचकर नेतृत्व करते हुए रेस्क्यू टीम का मनोबल बढ़ाने तथा प्रभावित लोगों की हर संभव मदद करते हुए ढांढस बधाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने यूजीवीएनएल के गेस्ट हाउस खटीमा से कुमाऊं मंडल के जनपदों के आपदा में हुए नुकसान के दृष्टिगत समीक्षा की व वर्तमान हालातों पर गंभीरता से कार्य करने के अधिकारियों को निर्देश। सीएम ने कहा कि यदि कहीं सड़क क्षतिग्रस्त या भूस्खलन होने के तथ्यहीन जानकारी सोशल मीडिया में आती है तो संबंधित विभागों को उनका खंडन भी करना चाहिए जिससे कि लोगों में भ्रामकता की स्थिति ना हो। इसके अलावा आपदा ग्रस्त क्षेत्रों पर अधिकारी तत्काल मौके पर जाएं स्वयं जिलाधिकारी मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू अभियान का नेतृत्व संभाले और लोगों को हर संभव मदद करते हुए प्रभावित लोगों को ढांढस बधाने का काम भी करें। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आपदा की स्थिति में बचाव कार्य और भी तेजी से हो इसके लिए लाइफसेविंग उपकरण सहित अत्याधुनिक उपकरण संबंधित विभागों को उपलब्ध कराए जाएं जिससे कि जिले की आपदा रेस्क्यू टीमें आधुनिक उपकरणों के साथ जान माल के नुकसान में तत्काल मदद पहुंचाने के लिए तेजी से कार्य कर सकें। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों से जलभराव वाले क्षेत्रों या नालों और नदियों के ड्रेनेज प्लान बनाने के निर्देश भी दिए जिससे कि भविष्य में नदियों के किनारे बसी



आबादियों या शहरी क्षेत्र में जलभराव की स्थिति ना हो। इसके अलावा मुख्यमंत्री घोषणा के विकास कार्यों के टेंडर की औपचारिकताएं पूरी कर 15 अगस्त तक कार्य शुरू करें। इसके अलावा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आपदा के दृष्टिगत जानमाल के नुकसान के आकलन के साथ ही कृषि एवं उद्यान क्षेत्र में हुए नुकसान का भी आकलन किया जाए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में किसानों की आर्थिकी खेती और उद्यान क्षेत्र से ही चलती है। ऐसे में आपदा से खेती व बागवानी को हुए नुकसान का आकलन करते हुए अनुमन्य मदद तत्काल पहुंचाई जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि दूरस्थ जिले पिथौरागढ़ में आपदा में रेस्क्यू के लिए सरकार द्वारा हेलीकॉप्टर उपलब्ध कराया गया है अब तक धारचूला क्षेत्र में 48 लोग हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू भी किए गए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार इस आपदा की घड़ी में पूरी तत्परता के साथ प्रभावितों की मदद और रेस्क्यू का कार्य गंभीरता के साथ कर रही है। आगे इसमें और भी तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान मंडलायुक्त दीपक रावत ने बताया कि अब तक आपदा से कुमाऊं मंडल के सभी जनपदों में विभिन्न विभागों के 1252 परियोजनाएं क्षतिग्रस्त हुई है। 7506.97 लाख के नुकसान का आकलन किया गया है जिसके सापेक्ष एसडीआरएफ से प्राप्त धनराशि 493.17 लाख है जबकि 10.04 लाख व्यय की गई है। खवीसी में आईजी नीलेश आनंद भरणे, सीडीओ विशाल मिश्रा सहित कुमाऊँ मण्डल के समस्त जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अपने जनपदों में वीसी से जुड़े थे।

# मुख्यमंत्री का विरोध कर रहे कांग्रेसी गिरफ्तार

रूद्रपुर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के रूद्रपुर आगमन का विरोध कर रहे कांग्रेसियों को पुलिस ने किच्छा रोड स्थित ट्रंचिंग ग्राउण्ड से गिरफ्तार कर लिया। रविवार को जिला अध्यक्ष हिमांशु गावा के नेतृत्व में तमाम कांग्रेसी सीएम के विरोध में किच्छा रोड ट्रचिंग ग्राउण्ड पहुंचे थे, यहां कांग्रेसियों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री धामी वापस जाओ के नारे लगाये साथ ही भाजपा सरकार और मेयर रामपाल के खिलाफ भी नारेबाजी की। विरोध प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसियों को पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस यहां से कांग्रेसियों को पुलिस लाईन ले गयी। इससे पूर्व धरना स्थल पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा ने कहा कि सीएम धामी नगर निगम की जिस बिल्डिंग का लोकार्पण कर रहे हैं वह विवादित है। बिना नक्शा पास किये बनाये गये इस भवन पर प्राधिकरण ने जुर्माना भी लगाया था। साथ ही इसका भवन का विवाद न्यायालय में भी विचाराधीन है। इसके बावजूद सीएम ने इस भवन का लोकार्पण करके नियम कानूनों का मजाक उड़ाया है। गावा ने कहा कि एक तरफ प्राधिकरण गरीबों को उनके आशियाने बनाने पर सख्ती से पेश आ रहा है वहीं दूसरी तरफ नगर निगम प्राधिकरण के नियमों को



खुलेआम चुनौती दे रहा है। श्री गावा ने कहा कि नगर निगम पूरी तरह से भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है। साढ़े चार साल में मेयर किच्छा रोड से कूड़े के पहाड़ को हटाने में भी नाकााम रहे हैं। करोड़ों रूपसे इस कूड़े को हटाने के लिए अब तक खर्च किये जा चुके हैं इसके बावजूद कूड़े का पहाड़ जस का तस है। महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ने कह कि शहर में जलभराव, सड़कों की खराब हालत, नाले नालियों की बदतर हालत किसी से छिपी नहीं है इसके बावजूद मेयर अपनी वाहवाही लूटने में लगे हैं। जरा सी बारिश में भी शहर की सड़कें तालाब का रूप ले लेती है। विभिन्न वार्डों में कई कालोनियां जलभराव और सड़कों की दुर्दशा से जूझ रही हैं। आये दिन लोग सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन नगर निगम जनता की समस्याओं का समाधान करने के बजाय जनता की आवाज को दबाने का काम कर रहा है। नजूल का मुद्दा आज भी जस का तस है। बार बार भाजपा इस मुद्दे पर चुनाव में झूठे वायदे करती है उसके बाद भूल जाती है। नजूल नीति का लाभ आज तक लोगों को नहीं मिल पाया है। गिरफ्तार किये गये कांग्रेसियों में जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा, महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा, पवन वर्मा, सुनील आर्या, सतीश राजपूत, अबरार अहमद, शुभम रस्तोगी, कुंवरपाल कोली, मोहन खेड़ा, राघव सिंह, ममता रानी, दीप्ती गर्ग, उमा सरकार, देवी सरकार, अर्जुन विश्वास, गोपाल भसीन, भूपेन्द्र कुमार, बेबी सिकदार, संगीता देवी, संतोष, अविनाश, मोहम्मद खान, जमाल खान, बाबू विश्वकर्मा, प्रेम कोली, राज कपूर, परवूज कुरैशी, ओमप्रकाश गंगवार, सुरेश यादव, मोहन कुमार, राजेश कुमार, इजहार अंसारी, सलीम, अनवार अहमद, डा. शाहिद, राजेन्द्र पंडित, रईस अहमद, असीम , नवीन पंत, रमेश बोरा, आदि शामिल थे।

## बुजुर्गों की देखभाल पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ग्राम पंतपुरा में वृद्धावस्था की देख रेख पर एक जागरूकता कार्यक्रम सुचेतना मंच के सौजन्य से आयोजन किया गया जिसमें द हंस फाउंडेशन के सामाजिक सुरक्षा अधिकारी जे.जे. कुमार ने बुजुर्गों तथा उनके उत्तराधिकारियों को यह बताया कि पौष्टिक भोजन तथा साफ-सफाई प्रतिदिन नियमित रूप से सदैव करें जो स्वयं ना कर सके तो उनके उत्तराधिकारी करें तथा यह भी बताया गया कि ध्यान रखें वह किस तरह से एक दूसरे का सहयोग करके वह धार्मिक



कार्यों में सहयोग करके अपने समय को अच्छे तरीके से व्यतीत कर सकते हैं और खुश रह सकते हैं तथा ग्रुप बनाकर सुबह मॉर्निंग वॉक पर जाना साथ में व्यायाम योगा करना तथा पढ़े-लिखे बुजुर्ग छोटे बच्चों को ट्यूशन पढ़ा कर अपने समय का सदुपयोग कर सकते हैं तथा खुश रह सकते हैं तथा आनंदमय जीवन व्यतीत कर सकते हैं। आयोजित कार्यक्रम में ग्राम प्रधान नीलम गंगवार, चिकित्सा अधिकारी डॉ आभान्शु शुक्ला, अनुराग यादव, लैब टेक्नीशियन अमित सिंह राणा, मोतीराम सुचेतना मंच की कार्यकर्ती विनीता पासवान, राधा सक्सेना, ज्योति मौर्या इत्यादि लोग मौजूद थे।

## व्यापार मंडल शक्तिफार्म कार्यकारिणी का विस्तार

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। नगर के सनातन धर्म मंदिर परिसर में व्यापार मण्डल द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। सर्वसम्मिति से संरक्षक शांति सरकार,बलराम पोद्दार,कृपा सिंधु हीरा,जगदीश डालमिया,ओम प्रकाश कालरा,अजित शाह, उपाध्यक्ष करन



ढाली,संजय सिंह उपसचिव कानू प्रमाणिक,उपकोषाध्यक्ष विधान मण्डल, संगठन मंत्री राजेश रस्तोगी,मंत्री रजत खान,दिनेश घोष, अभिषेक प्रमाणिक,प्रचार मंत्री गोपाल शाह व 25 अन्य कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किये गये। बैठक को सम्बोधित करते हुए नगर अध्यक्ष रविन्द्र अग्रवाल ने कहा कि नयी कार्यकारिणी से व्यापार मण्डल को ज्यादा मजबूती मिली है,भविष्य में सब मिलजुल कर सभी कार्यो को करेंगे।

## कटिया डाल कर रहा था विद्युत चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विद्युत विभाग की टीम ने औचक निरीक्षण में एक भवन में पोल पर कटिया डालकर विद्युत चोरी करने का मामला पकड़ा। भवन स्वामी के विरूद्ध रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में भुवन चन्द्र उप्रेती अवर अभियन्ता लालपुर ने कहा है कि दिनेश चन्द्र गुरूरानी उपखण्ड अधिकारी विद्युत वितरण किच्छा, अंशुल मदान सहायक अभियंता सतर्कता, शरद चौधरी निरीक्षक पुलिस सतर्कता, मोहन घई लाईन मैन, सतर्कता इकाई कुमांउ क्षेत्र हल्द्वानी विद्युत चौकिग करते हुये ग्राम पक्की खमरिया निवासी रीशू सलूजा पुत्र श्रवण कुमार के परिसर पहुचे जहां पाया कि निकट पौल से डायरेक्ट केविल लगाकर अपने परिसर पर विधुत चोरी की जा रही थी । लाईन कर्मी से केबिल उतरवाकर, कब्जे में ले ली गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## वांछित हत्यारोपी गिरफ्तार

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। पड़ोसी की हत्या के मामले में वांछित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसे कोर्ट मे पेश करने की तैयारी की जा रही है। जानकारी के मुताबिक गदरपुर थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर निवासी हजारा सिंह पुत्र पंजाब सिंह वर्ष 2019 से पड़ोसी की हत्या के मामले में वांछित था। उस पर आरोप है कि उसने पड़ोसी की हत्या कर शव को जंगल में फैंक दिया था। तभी से वह वांछित चल रहा था। एसआई विपुल जोशी ने टीम के साथ दबिश देकर उसे उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने की तैयारी की जा रही है।

## राष्ट्रीय ध्वज स्थापित किए जाने के लिए दिया ज्ञापन

गदरपुर( उद संवाददाता)। महिमा चैरिटेबल सोसायटी गदरपुर के सदस्यों द्वारा उप जिलाधिकारी राकेश चन्द तिवारी को गदरपुर शहर में राष्ट्रीय ध्वज स्थापित किए जाने की मांग करते हुए तहसील मुख्यालय पहुंचकर एक ज्ञापन दिया गया । ज्ञापन



के माध्यम से सोसाइटी की अध्यक्ष चंद्रिका फौगाट ने बताया कि गदरपुर नगर क्षेत्र में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा स्थापित जाना अति आवश्यक है । ताकि लोगों में देशभक्ति की भावना जागृत होती रहे । इस दौरान संगठन मंत्री मोहित सिंह घुगतयाल,सदस्य पलक ठकराल, सिद्धांत दिवाकर,धर्मपाल ठुकराल,रेनू बिष्ट,गगन सिंह उपस्थित रहे ।

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

जगदीश कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# सरकार गरीबों के सशक्तिकरण के लिये समर्पित : धामी

## सीएम ने काशीपुर में किया 28 करोड़ की विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के लाभार्थी आधारित नवनिर्मित 335 आवासों का लोकार्पण किया

काशीपुर (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को काशीपुर में 28.63 करोड़ की 24 विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलांयास किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के लाभार्थी आधारित नवनिर्मित 335 आवासों का लोकार्पण कर प्रतिकात्मक रूप से पांच लाभार्थियों को आवास की चाबी प्रदान की। मुख्यमंत्री ने इस योजना के तहत 1061 लाभार्थियों को प्रथम किस्त के रूप में दी जाने वाली धनराशि के तहत पांच लोगों को प्रथम किश्त की धनराशि तथा आवास आवंटन पत्र सौंपे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत पांच लोगों को 50-50 हजार की धनराशि के चेक भी प्रदान किये। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि गिरीताल का सौंदर्यकरण किये जाने तथा गिरीताल का प्रबन्धन नियमित रूप से कुमाऊँ मण्डल विकास निगम को सौंपने पर विचार किया जाएगा। नगर निगम काशीपुर के अन्तर्गत ढेला नदी से चलतीकरण, मानपुर की सैनिक फार्म कॉलोनी, सिल्वर सिटी की आबादी को बचाने के लिए बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य किये जाने, काशीपुर नगर निगम के पश्चिमी भाग स्थिति आवासी जीर्ण क्षीण आवासीय भवन को ध्वस्त करके सॉपिंग कॉम्पलेक्स, पार्किंग रेस्टोरेंट एवं आवास का निर्माण किये जाने, नगर निगम स्थित डेस्क ऑफिस तथा दुकानों की छत पर हॉल का निर्माण किये जाने, टांडा तिराहा एवं चौती चौराहे के पास 8 सीटर एस्पीरेशनल टॉयलेट कॉम्पेक्स का निर्माण किये जाने की घोषणा की। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने नगर निगम काशीपुर की महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टालों पर प्रदर्शित उत्पादों का भी अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जिन विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एंव शिलान्यास किया गया है, इनसे इस क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम सर्वश्रेष्ठ उत्तराखंड बनाने के लिए अपने 'विकल्प रहित संकल्प' को पूर्ण करने हेतु अग्रसर हैं और ये परियोजनाएं उस संकल्प को पूर्ण करने में सहायक सिद्ध होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का यह कार्यक्रम इसलिए भी विशेष है, क्योंकि एक ओर जहां आज प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 335 आवासों का लोकार्पण किया गया है, वहीं दूसरी ओर 1061 लाभार्थियों को पहली किश्त भी जारी की गई है। उन्होंन स्वयं के घर की मालकिन बनी महिलाओं को स्वयं का घर सौंपने को पुण्य का कार्य बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब एक गरीब को घर मिलता है, तो उसके जीवन में स्थिरता आती है और वो एक नई उम्मीद के साथ अपने जीवन में आगे बढ़ता है। इसीलिए गरीबों को अपना पक्का घर देने का हमारा ये अभियान सिर्फ एक सरकारी योजना मात्र नहीं है, ये प्रदेश के एक-एक वंचित को इस बात का विश्वास देने की प्रतिबद्धता है कि सरकार उनके सशक्तिकरण के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि प्रधनमंत्री जी के नेतृत्व में हमारी सरकार हर गरीब तक पहुंचने का काम कर रही है। विकास कार्यों और लाभार्थियों की सहायता करते समय हमारी सरकार न किसी गरीब की जाति देखती है और न ही किसी गरीब का धर्म। हमारी सरकार गरीबों को समर्पित है, इसलिए गरीब की आवश्यकताओं को भली भांति समझती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश में पिछले 9 वर्षों में करीब 4 करोड़ से अधिक पक्के घर गरीब परिवारों को मिल चुके हैं, इनमें से करीब 70 प्रतिशत घर महिलाओं के नाम पर हैं। 2014 से पहले देश में शहरी आवास योजनाओं के तहत सिर्फ 13 लाख मकान ही मंजूर किए थे और इसमें से भी केवल 8 लाख मकान ही बनाए थे। यह इस बात का सबूत है कि जब कोई सरकार 'अंत्योदय' को अपना ध्येय मानकर कार्य करती है तो परिणाम कितने अलग होते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा और सुशासन के आधार पर देश में विकास की एक नई परिभाषा लिखने का कार्य किया है। देश में जिस स्तर पर शोषितों और वंचितों का आज सशक्तिकरण हो रहा है वैसा आज से पहले कभी नहीं हुआ। प्रधनमंत्री जी से प्रेरणा पाकर और उनके ही मार्गदर्शन में, उत्तराखंड में भी विकास के एक नए युग का सूत्रपात हो चुका है। आज प्रदेश के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने और राज्य को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अनेकों कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने इस लक्ष्य की प्राप्ति में सभी से सहयोग की अपेक्षा की। हम सब जुटें, सब जुड़ें और सब मिल कर आगे बढ़ें, तभी हम उत्तराखण्ड को देश का विकसित एवं अग्रणी राज्य बनाने में सफल होंगे। इस अवसर पर विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, मेयर ऊषा चौधरी, अध्यक्ष अनुसूचित जाति आयोग मुकेश कुमार, जिलाधिकारी उदयराज सिंह, एसएसपी मंजूनाथ टीसी, नगर आयुक्त विवेक राय सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।






# इतनी कृपा बालाजी बनाये रखना

## श्री बालाजी मंदिर दिनेशपुर में सजा श्री बालाजी महाराज का विशाल दरबार

दिनेशपुर(उद संवाददाता)।श्री बालाजी मंडल दिनेशपुर के महंत श्री राजेन्द्र अग्रवाल के सानिध्य में श्री बालाजी महाराज का विशाल दरबार श्रीराकेश कुमार एवं राजेश कुमार के सौजन्य से श्री बालाजी मंदिर, दिनेशपुर में सजाया गया। जहां दूर दराज से पहुंचे भक्तों ने दरबार मेंपहुंचकर अपनी अपनी हाजिरी लगाई एवं भजनों का भरपूर आनंद लिया। दरबार का शुभारंभ विधिवत रूप से ज्योत प्रज्वलित कर श्री गुरु वंदना, श्री गणेश वंदना, श्री प्रेतराज जी की आरती, श्री हनुमान चालीसा,आज शनिवार है महावीर का वार है भजन से हुआ। दरबार में पहुँचने पर महन्त श्री अग्रवालजी का भक्तो द्वारा फूल मालायें पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। महंत जी ने मनवा होजा दीवाना रे श्री बालाजी के चरणो में आदिभजन सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पश्चात महंत जी पर दूत महाराज का आवाहन हुआ एवं सभी भक्तों ने दूत महाराज सेआशीर्वाद प्राप्त किया । वही भजनों की श्रृंखला में शिव कुमार ने श्री राम जय राम जय जय राम, लवी अरोरा ने जैसा चाहो मुझकोसमझना, बिट्टु अरोरा ने इतनी कृपा बालाजी बनाये रखना, आयुष अरोरा ने मंगलवार तेरा है शनिवार तेरा है, अजय जायसवाल ने दुनियासे मैं हारा तो आया तेरे द्वार, हरि चरण सिंह ने जो प्रेम से बोलेगा बाबा का जयकारे, रोहन भटनागर ने दीवाना तेरा आया बाबा तेरे मंदिरमें, पवन खेड़ा जरा घूमने तो घाटे चलिये, विपुल कुमार ने करो बेड़ा पार हमारा, सुनील कुमार ने लगन तुमसे लगा बैठे, संजीव कुमार नेआज तो कैलाश माही बाज रहे डमरू, महेंद्र बंसल ने ऐ बालाजी घाटे वाले हम सब पर उपकार करो, विशाल मदान ने करो भरोसाबालाजी पर बनेंगे बिगड़े काम, अंकित जोशी ने सीताराम सीताराम, गुरमेल सिंह ने संगता बढ़िया द्वारे ते खड़िया, आदि भजन सुनाकरसबको भक्तिमय कर दिया। उसके पश्चात बाबा का पच्चीसा हुआ एवं श्री सीताराम जी की, श्री बालाजी महाराज जी की, श्री भैरवबाबा की आरती हुई एवं बाबा की आरती के छीटें एवं बाबा का भोग लगाने के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर पंडितदिनेश पाठक, नरेश ग्रोवर, बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, अजय जायसवाल, बिट्टू अरोरा, खरैत कुमार, हरिचरण सिंह, शिव कुमार, लवीअरोरा, धर्मवीर चौधरी, सन्नी नारंग, हरीश कुमार, अमन श्रीवास्तव, राजू सैनी, आयुष अरोरा, राजपाल सिंह, सौरभ अग्रवाल, वीरेंद्र सिंह, आलोक शर्मा, चंदन सिंह, बबलू रस्तोगी, अंटू रस्तोगी, पवन अरोरा, रामप्रकाश गुप्ता, के पी शर्मा, कुलदीप गुप्ता, पंडित राजेंद्र शर्मा, पप्पू ठेकेदार, कुलदीप गंगवार, गुलशन गगनेजा, सोनू कक्के, दीपक अरोरा, परमजीत सिंह, माधव खुराना, संजय अरोरा, अमित अग्रवाल, मनीष अरोड़ा, मोहित कालरा, अभिजीत बाठला, राजुमार वर्मा, बंटी प्रजापति, अनिल कुमार, सौरभ अग्रवाल, सुरेश मित्तल, दीपक घई, मनीष गोयल, विपुल कुमार, शिवम् अरोरा, मोहित नारंग एवं गौरव अग्रवाल आदि सैकड़ों भक्त मौजूद थे।



KOTIA ENTERPRISES
शुद्ध तेल खाओ, जीवन लम्बा बनाओ!
वीर कच्ची घानी
शुद्धता में सर्वोत्तम
100% Pure
होम डिलीवरी उपलब्ध
Ward No.16 Kichha Road, Bagwara Rudrapur (U.S.Nagar)
Veer Singh Virk
Managing Director
Mob.+919837146811,7500035083
Email:veersingh.bagwara@gmail.com
खल सरसों (लाही) गेहूं (कनक)/धान/मटर/सोयाबीन,उच्च मूल्य पर खरीदने बेचने के लिए संपर्क करें

श्री बांके बिहारी की कृपा से
श्री ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा एवं श्री खाटू श्याम यात्रा
दिनांक-30 जुलाई से 10 अगस्त 2023 तक
● AC वाल्वो बस ● विभिन्न मन्दिरो के दर्शन
● भोजन की सुविधा ● ठहरने की उचित व्यवस्था
प्रति व्यक्ति किराया मात्र 15,000/- रूपये
यात्रा के लिये श्री मन्दिर मनकामेश्वर मन्दिर, श्याम टाकीज रोड,रूद्रपुर से 30 जुलाई को वाल्वो एसी बस जा रही है। इस परिक्रमा यात्रा में जो भी श्रद्धालु जाने का इच्छुक हो, वह निम्न मोबाईल नम्बर पर सम्पर्क कर अपनी सीट सुरक्षित करा सकता है।
सम्पर्क करे-7248133444,8476003072

# मणिपुर में महिलाओं पर बर्बता के खिलाफ निकाला कैंडल मार्च

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मणिपुर में महिलाओं के साथ हुई हिंसा के विरोध में महानगर कांग्रेस ने शनिवार को शहर के मुख्य बाजार में कैंडल मार्च निकालकर दोषियों को सख्त से सख्त सजा देने की मांग की। पूर्व मेयर प्रत्याशी एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री ममता रानी के नेतृत्व में तमाम कांग्रेसियों ने भगत सिंह चौक पर एकत्र होकर मणिपुर में महिलाओं के साथ हुई हिंसा की घोर निंदा की और विरोध स्वरूप कैंडल मार्च निकाला। ममता रानी ने कहा कि हमें मणिपुर की घटना सुनते ही हम डर से कांप जाते हैं मोदी के राज में महिलाएं आत्मसम्मान खोती जा रही हैं इनकी सब बातेँ खोखली साबित हुई हैं उत्तराखण्ड का अंकिता हत्याकांड हो या मणिपुर की वीभत्स घटना नारी शक्ति को झकझोर देने वाली है इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा ने कहा कि मणिपुर पिछले दो महीने से हिंसा की चपेट में हैं लेकिन मोदी सरकार के कान में जूं तक नहीं रेंगी है। प्रधानमंत्री के पास विदेश दौरे के लिए वक्त है लेकिन मणिपुर का हाल जानने के लिए उनके पास वक्त नहीं है। गृह मंत्री अमित शाह के दौरे के बाद मणिपुर में शांति स्थापित होने की बजाए हिंसा और बढ़ गई है। सरकार के पास मणिपुर में शांति बहाली की कोई योजना नहीं है लेकिन जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी लोगों से शांति अपील करने के लिए मणिपुर जाते हैं तो उन्हें रोक दिया जाता है। प्रधानमंत्री मोदी प्रचार में व्यस्त हैं लेकिन किसी के पास मणिपुर जाकर वहां का हाल जानने और पीड़ितों के आंसू पोछने का वक्त नहीं है। सरेआम महिलाओं के साथ घिनौनी बर्बरता जैसा काण्ड होने के बाद भी प्रधानमंत्री मणिपुर की सरकार को बर्खास्त नहीं कर रहे हैं। सरकार संसद में भी इस पर चर्चा करने से बच रही है। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सीपी शर्मा ने कहा कि मणिपुर में हिंसा को सुनियोजित ढंग से अंजाम दिया जा रहा है। एक वर्ग विशेष के लोगों को वहां की सरकार का संरक्षण प्राप्त है। मणिपुर में महिलाओं से बर्बरता का जो भयानक रूप देखने को मिला है उसने आम जनमानस को झकझोर दिया है। मणिपुर के मुख्यमंत्री और राज्यपाल को स्वीकार कर रहे हैं कि मणिपुर जल रहा है। इतना कुछ होने के बाद भी मणिपुर में राष्ट्रपति शासन नहीं लगाया जा रहा। मणिपुर से देश पूरे विश्व में शर्मसार हो रहा है। मणिपुर में जो दृश्य सामने आ रहा है उसको देख कर पूरी दुनिया हमारा उपहास कर रही है। उन्होंने कहा कि इस मामले पर प्रधानमंत्री अपने घड़ियाली आंसू बहाना बंद करें और मणिपुर सरकार को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करें। महिला कांग्रेस नेत्री ममता रानी ने कहा कि भाजपा शासन में महिला और बालिकाओं पर अत्याचार बढ़े हैं। बेटियां आज कहीं भी सुरक्षित नहीं है। इतनी बड़ी घटना होने के बावजूद केन्द्र सरकार इस मामले पर कार्रवाई तो दूर चर्चा कराने से भी बच रही है। उन्होंने कहा कि इस मामले में सबसे बड़ी दोषी मणिपुर सरकार है। मणिपुर सरकार के खिलाफ भी न्यायिक जांच कर कार्यवाही करनी चाहिए। भाजपा का बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा झूठा साबित हो रहा हैं। इस अवसर पर ज्योति टम्टा, दीप्ती गर्ग, उमा सरकार, सपना गिल, बेबी सिकदर, लता, संतोष, तनुजा देवी, हरिप्रिया,मनीषा, शांति, गीता आर्य, रीना, मुनीस देवी, माया, रागिनी देवी मधु, सते देवी, विमल देवी पूनम सम्पन्न पार्षद मोहन खेड़ा, पार्षद मोहन कुमार ,सतीश कुमार, सुनील आर्या, गोपाल भसीन, नदीम खान, दिलशाद, कुवर पाल कोली, वीरेंद्र कोली पपु कोली, ओमप्रकाश, नवीन पंत रीजवाण ,सोहेल खान, राघव सिंह, हकीम जी, रवि गिरी, गौतम धरामी, नरेश सागर ,राकेश कोली, शंकर कोली, विजय कोली, हरिराम कोली, इजहार अंसारी, खगो पति विस्वास, बाबु खान, नाजिम खान, बाबु विश्वकर्मा जीतेष शर्मा, प्रकाश शर्मा भूपेंद्र कुमार, असित बाला, रियाज, मोहन कुमार नरेश शर्मा पवन गाबा पल्ली, शुभम रस्तोगी, अमन जौहरी, सीमा पाल, बबली गुप्ता लतिका सपना गिल हरिराम राजपूत आदि सैकड़ों कांग्रेसी थे।



स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

आज़ादी का अमृत महोत्सव

# कार्यालय - नगर निगम, रुद्रपुर, जिला- ऊधमसिंह नगर





मा. अजय भट्ट
रक्षा राज्य मंत्री



मा. प्रेम चन्द अग्रवाल
कैबिनेट मंत्री



मा. शिव अरोड़ा
विधायक रुद्रपुर



# श्री पुष्कर सिंह धामी जी

## मा. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड सरकार

द्वारा

## उत्तराखण्ड प्रदेश के पहले कम्प्रेस्ड बायोगैस प्लांट

एवं

## स्व. श्री सुभाष चतुर्वेदी स्मृति सभागार के

# उद्घाटन समारोह

## में प्रथम बार नगर निगम रुद्रपुर में पधारने पर

## हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन

**उल्लास के इस अवसर पर नगर निगम अपने सम्मानित नगरवासियों से निम्न अनुरोध करता है:-**

1- अपने आस-पास सफाई रखें, सार्वजनिक स्थल पर कूड़ा न फेंके।

2- प्लास्टिक न जलाऐं एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करें।

3- हाऊस टैक्स समय से जमा करें।

4- यूजर चार्ज समय से जमा करें तथा इस कार्य में नारी शक्ति सेना का सहयोग करें।



## रामपाल सिंह

मेयर
नगर निगम, रुद्रपुर

## पार्षदगण

श्री सुरेश चन्द्र (वार्ड नं. 1), श्री राजेन्द्र निषाद (वार्ड नं. 2), श्री विधान राय (वार्ड नं. 3), श्री सुशील मण्डल (वार्ड नं. 4), श्रीमती प्रीति साना (वार्ड नं. 5), श्री निमित कुमार शर्मा (वार्ड नं. 6), श्री कैलाश राठैर (वार्ड नं. 7), श्री शिव कुमार गंगवार (वार्ड नं. 8), श्री मोहन कुमार (वार्ड नं. 9), श्रीमती किरन लता राठैर (वार्ड नं. 10), श्रीमती बबीता बैरागी (वार्ड नं. 11), श्रीमती सीमा गुप्ता (वार्ड नं. 12), श्री मो0 असफाक (वार्ड नं. 13), श्री जितेन्द्र यादव (वार्ड नं. 14), श्री नाजिम अली (वार्ड नं. 15), श्री प्रमोद कुमार शर्मा (वार्ड नं. 16), श्रीमती शालू पाल (वार्ड नं. 17), श्रीमती सायरा बानो (वार्ड नं. 18), श्री सुनील कुमार (वार्ड नं. 19), श्री मो0 जाहिद (वार्ड नं. 20), श्री अमित मिश्रा (वार्ड नं. 21), श्रीमती पुष्पा रानी (वार्ड नं. 22), श्रीमती पूजा कोली (वार्ड नं. 23), श्रीमती कमला देवी (वार्ड नं. 24), श्री सुशील यादव (वार्ड नं. 25),श्रीमती रजनी रावत (वार्ड नं. 26), श्रीमती मधु शर्मा (वार्ड नं. 27), श्रीमती दिव्या अनेजा (वार्ड नं. 28), श्रीमती इलमा समरीन (वार्ड नं. 29), श्री आयुष तनेजा (वार्ड नं. 30), श्रीमती सुनीता मुंजाल (वार्ड नं. 31), श्री मोहन खेड़ा (वार्ड नं. 32), श्री सुशील चौहान (वार्ड नं. 33), श्री अम्बर सिंह (वार्ड नं. 34), श्रीमती श्यामली विश्वास (वार्ड नं. 35), श्री रंजीत सागर (वार्ड नं. 36), श्री बबलू सागर (वार्ड नं. 37), श्रीमती रीना जग्गा (वार्ड नं. 38), श्री रमेश कालड़ा (वार्ड नं. 39), श्री राजेश कुमार (वार्ड नं. 40), नामित पार्षद- श्री धीरेश गुप्ता, श्री सुनील यादव, श्रीमती शालनी बोरा, श्री मयंक कक्कड़, श्री महावीर कश्यप, श्री अजय मोर्या, श्री राजकुमार कोली, श्री बलाई विश्वास

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## हिंसा और अत्याचार

मणिपुर हिंसा के अब ऐसे घृणित पहलू उजागर होने लगे हैं, जो मानवता के लिए निहायत शर्मनाक हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो प्रसारित हुआ जिसमें बहुत सारे लोग दो महिलाओं को निर्वस्त्र करके सड़क पर घुमा रहे हैं। उनके साथ छेड़खानी भी होती दिख रही है। इस वीडियो के सामने आने के बाद स्वाभाविक ही सबका सिर झुक गया। सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र और राज्य सरकार से सख्त लहजे में कहा है कि इस पर तत्काल कार्रवाई करें, वरना हम करेंगे।प्रधानमंत्री ने भी चुप्पी तोड़ते हुए संसद में इस मामले को शर्मनाक बताया। मणिपुर पुलिस का कहना है कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। एक कथित आरोपी को उसने गिरफ्तार भी कर लिया है। यह घटना चार मई की बताई जा रही है। यानी हिंसा शुरू होने के दूसरे दिन की। पीड़ित महिलाओं ने बताया कि करीब एक हजार लोगों की हथियारबंद भीड़ उनके गांव में घुस आई, आगजनी और कत्लो-गारत शुरू कर दिया। पुलिस उन दोनों महिलाओं को अपनी गाड़ी में थाने ले जा रही थी। तभी भीड़ सामने आ गई और पुलिस उन्हें भीड़ के बीच गाड़ी से उतार कर चली गई।इस घटना पर जब मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह से प्रतिक्रिया ली गई, तो उन्होंने कहा कि ऐसी सैकड़ों घटनाएं हो चुकी हैं। उन सबके बारे में जांच चल रही है। विचित्र है कि करीब ढाई महीने से मणिपुर में हिंसा हो रही है, वहशी भीड़ वहां की महिलाओं को शत्रु संपत्ति समझ कर उनके साथ हैवानियत की हद तक क्रूर व्यवहार और उनकी अस्मत को तार-तार कर रही है और राज्य सरकार तमाशाई बनी बैठी है। मुख्यमंत्री के बयान से यही जाहिर है कि ऐसी घटनाएं उनके लिए मामूली हैं। शर्म की बात है कि यह मध्ययुगीन मानसिकता आज भी खत्म नहीं हुई है, जब विजेता सेनाएं शत्रु पक्ष की महिलाओं की अस्मिता के साथ इसी तरह खिलवाड़ करती और कुचलती देखी जाती थीं। पीड़ित महिलाएं कुकी समुदाय की बताई जा रही हैं।छिपी बात नहीं है कि पिछले ढाई महीने से किस कदर वहां की कुकी और मैतेई समुदाय के बीच हिंसक झड़पें जारी हैं और वे दोनों एक-दूसरे के खिलाफ प्रतिहिंसा के भरे बैठे हैं। ऐसी स्थितियों में चूंकि महिलाएं सबसे आसान शिकार होती हैं और उनका अपमान कर जैसे पूरे समुदाय से बदला लेने का संतोष मिलता है, इसलिए जिन लोगों ने महिलाओं को निर्वस्त्र करके घुमाया उनके मन में भी यही भाव था।पीड़ित महिलाओं ने बताया है कि उनके साथ सामूहिक बलात्कार भी किया गया। हैरानी की बात है कि यह घटना पुलिस की जानकारी में हुई थी और उसने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करने और दोषियों की तलाश करने में तत्परता अब दिखाई है, जब उसका वीडियो प्रसारित होना शुरू हुआ। केंद्र सरकार को भी शायद अभी इसकी गंभीरता का अंदाजा हुआ है, जब विपक्षी दलों ने इसके खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। यह समझना मुश्किल नहीं है कि अगर केंद्र और राज्य सरकार ने संजीदगी दिखाई होती तो यह हिंसा बहुत पहले रुक गई होती। मगर न तो वहां की पुलिस इसे रोकने को लेकर गंभीर देखी गई और न राज्य सरकार ने दोनों समुदायों के बीच फैले भ्रम को दूर करने का कोई प्रयास किया। अब तक के सरकार के रवैए को देखते हुए बहुत से लोगों को भरोसा नहीं बन पा रहा है कि अब भी वह बहुत गंभीरता दिखाएगी।

# मणिपुर सरकार और केंद्र सरकार का पुतला फूंका

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। मणिपुर में महिलाओं पर अत्याचार की घटना के खिलाफ भाकपा (माले) ने विरोध प्रदर्शन करते हुए मणिपुर सरकार और केन्द्र सरकार का पुतला दहन किया। इस दौरान जिला कमेटी सदस्य एडवोकेट अमनदीप कौर ने कहा किकुकी महिलाओं पर भीड़ द्वारा यौन हमले की वीभत्स घटना का सामने आया वीडियो 4 मई का है लेकिन मणिपुर की भाजपा सरकार ने इतने लंबे समय से कोई कार्यवाही नहीं की। मणिपुर के कांगपोकपी जिले में यह घटना उस वक्त घटित हुई, जब ये महिलाएं अपने परिजनों के साथ, उनके गांवों को आग लगाती भीड़ से बचने के लिए नजदीकी इलाके में जाने की कोशिश कर रही थी। इन महिलाओं के कपड़े उतार दिये गए और इन्हें नग्न अवस्था में घूमने के लिए मजबूर किया गया। इन महिलाओं के साथ सामूहिक बलात्कार, बदले की कार्यवाही के तौर पर किया गया। रिपोर्ट तो यह भी है कि इन बलात्कार पीड़ित महिलाओं के पुरुष परिजनों की भीड़ ने हत्या कर दी। पुलिस या मणिपुर सरकार द्वारा इस भयावह घटना के मामले में बिना कार्यवाही किये दो महीने से अधिक बीत गए। सोशल मीडिया पर घटना का वीडियो वायरल होने के बाद फेस सेविंग के लिए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया, बाकी को अज्ञात बताकर



संदेह का लाभ देने की शर्मनाक कोशिश की जा रही है। मणिपुर की पीड़ित महिलाओं के साथ एकजुटता में पूरा देश उनके लिए न्याय की मांग कर रहा है। भाकपा(माले) जिला सचिव ललित मटियाली ने मणिपुर की घटना पर क्षोभ व्यक्त करते हुए कहा कि, ष्वक्त और हालात का तकाजा है कि एकजुट हो कर कांगपोकपी की वीभत्स घटना के अपराधियों के खिलाफ तत्काल कार्यवाही की मांग की जाए और मणिपुर में शांति बहाल हो। उन्होंने कहा कि, मणिपुर में हत्या और महिला हिंसा के अपराधिक मामलोंको मणिपुर की एन बीरेन सिंह की राज्य सरकार का सरंक्षण हासिल है। ऐसी सरकार को गद्दी पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। प्रदर्शनकारियों ने सभी अपराधियों की तत्काल शिनाख्त कर गिरफ्तारी करने और मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का इस्तीफा, हिंसा और बलात्कार की ऐसी तमाम घटनाओं की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच दल भेजने की मांग की गयी। विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में मुख्य रूप से दीपिका भारती, निरंजन लाल, कमलेश कार्की, विजय शर्मा, जीवन राम, ओमप्रकाश, ललित रावत, शैलेंद्र, प्रकाश सिंह, केशव मौर्या, अरविंद वर्मा, लक्ष्मण प्रसाद, चरण सिंह, जयपाल, उदयपाल, आदि मुख्य रूप से शामिल रहे।

## ट्रांसपोर्ट के आगे खडी बाईक चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत रात्रि भूरारानी मार्ग पर स्थित एक ट्रांसपोर्ट के आगे खड़ी मोटर साईकिल अज्ञात वाहन चोर चुरा ले गया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में प्रवेश बब्बर पुत्र वेद प्रकाश निवासी सिविल लाईन ने कहा है कि उसने अपनी मोटर साईकिल संख्या यूके 06 डब्ल्यू 1751 को रोज की तरह भूरारानी रोड़ पर स्थित अपने प्रतिष्ठान श्री बालाजी ट्रांसपोर्ट में 20 जुलाई को खड़ा किया था। प्रातः जब वह ट्रांसपोर्ट आये तो उनकी मोटरसाईकिल मौके पर मौजूद नहीं थी। जहां से अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। पुलिस ने घटना की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मुख्यमंत्री का काशीपुर दौरा हवाई साबित: चौहान


काशीपुर(उद संवाददाता)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव अरुण चौहान ने कहा कि नगर क्षेत्र की बदहाल स्थिति



पर भाजपा सरकार की बातें ,ज्यादा और काम कम के मूल मंत्र ,के साथ जगजाहिर हो गई है। पीसीसी सचिव अरुण चौहान ने नगर निगम काशीपुर क्षेत्र की बदहाल स्थिति चलते भाजपा जनप्रतिनिधियों पर तंज कसते हुए कहा की प्रदेश के मुख्यमंत्री का काशीपुर आगमन हुआ परंतु भाजपा महापौर काशीपुर की दुर्दशा को संभालने के लिए करोड़ों रुपए की धनराशि मुहैया ना करा कर मात्र चंद धनराशि स्वीकृत कराकर मुख्यमंत्री का काशीपुर आगमन मात्र हवा हवाई साबित रहा। उन्होंने कहा कि आज नगर में जलभराव, खस्ताहाल सड़कें, जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं।उन्होने कहा की पूर्व में भी काशीपुर क्षेत्र में मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री आए परंतु किसी का भी व्यापार एवं दुकाने बंद नहीं की गई परंतु इस बार मुख्यमंत्री के आगमन से पूर्व ही जनप्रतिनिधि विरोध के डर से नगर निगम के समीप स्थित दुकानों को बंद करा कर हिटलरगिरी का परिचय दिया गया है। उन्होंने कहा कि जहां जलभराव से व्यापारियों को लाखों रुपए का नुकसान उठाना पड़ता है, वही व्यापारी वर्ग प्रत्येक दिन दुकान ना खोलें तो कर्ज के बोझ से दबकर पिस जाता है परंतु निगम प्रशासन द्वारा दुकानें बंद करा कर मात्र मुख्यमंत्री का आवभगत ही किया गया हैं। उन्होंने कहा कि काशीपुर के विकास के लिए मात्र मुख्यमंत्री झुनझुना थमा कर चले गये। उन्होंने कहा कि विकास के नाम पर भाजपा मात्र कोरी बयानबाजी करती आई है। यदि क्षेत्र की जनता अब भी इनसे सबक नहीं लेती है तो भविष्य काशीपुर का खस्ताहाल सड़कों में तब्दील हो जाएगा! पीसीसी सचिव अरुण चौहान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में ही हुआ क्षेत्र का चहुंमुखी विकास जो अभी तक जगजाहिर है इसलिए क्षेत्र की जनता जागरूक बने काशीपुर से कांग्रेस पार्टी को ही मजबूत बनाएं तभी क्षेत्र का संपूर्ण विकास होगा।

# शत्रु संपत्ति मेट्रोपोल होटल से अतिक्रमण ध्वस्त

### 19वीं सदी में बना था आलीशान मेट्रोपोल होटल: पाकिस्तान के जनक मुहम्मद अली जिन्ना और उनकी नई दुल्हन रतनबाई ने इस जगह को अपने हनीमून के लिए चुना था






हल्द्वानी(उद ब्यूरो)। आखिरकार सात दशक बाद नैनीताल में मेट्रोपोल होटल से अवैध अतिक्रमण को हटा दिया गया है। इसे हटाने की कार्रवाई सुबह से ही शुरू हो गई थी। जिसके लिए 10 बुलडोजर एक साथ गरजे। बता दें कि मेट्रोपोल होटल परिसर में 134 परिवारों ने अवैध रुप से कब्जा किया हुआ था। जिसे हटाने के लिए प्रशासन अतिक्रमण कारियों को पहले ही नोटिस दे चुका था।नैनीताल में बढ़ते ट्रैफिक जाम की समस्या को दूर करने के लिए प्रशासन ने ये कदम उठाया। पर क्या आप जानते हैं की शत्रु संपत्ति कहलाया जाने वाला ये होटल किसी जमाने में भारत के सबसे मशहूर होटलों में से एक था। नैनीताल का ये होटल दिखने में जितना भव्य है उतना ही भव्य और गौरवशाली इसका इतिहास भी है।आज खंडर बन चुका ये होटल किसी जमाने में पर्यटकों से भरा रहता था। सुनसान दिखने वाले इन होटल के गलियारों में कभी खूब चहल पहल हुआ करती थी। तो इस होटल के साथ ऐसा आखिर क्या हुआ की इतना मशहूर होटल गुमनामी के अंधेरे में समा गया। 19वीं सदी के आखिर में बना ये मेट्रोपोल होटल एक जमाने में बड़-बड़े नेता, नामी फिल्मी कलाकारोंऔर धनाढ्य वर्ग के लोगोंके बीच काफी पॉपुलर था। शायद यही वजह थी की पाकिस्तान के जनक मुहम्मद अली जिन्ना और उनकी नई दुल्हन रतनबाई ने इस जगह को अपने हनीमून के लिए चुना था। खंड़हर हो चुके इस मेट्रोपोल होटल को देखकर विश्वास नहीं होता की इस होटल में 75 कमरे, 16 कॉटेज और 24 सरवेंट कार्टर के साथ पांच टेनिस लॉन एक समय में खचाखच भरे रहते थे।मेट्रोपोल होटल के खंडहर में तब्दील हो जाने की वजह भारत पाक विभाजन है। ये वो दौर था जब भारत आजाद हो चुका था। तब नैनीताल मेट्रोपोल होटल पे मालिकाना हक रखने वाले महमूदाबाद रियासत के नवाब ने इस मेट्रोपोल होटल को चलाने के लिए एक पारसी जोड़े को दे दिया और खुद ईरान जाकर बस गए।1957 में जब भारत पाक विभाजित हो गया था तो नवाब साहब ने पाकिस्तान की नागरिकता ले ली। 1968 में भारत में शत्रु संपत्ति अधिनियम लागू हुआ। जिसके तहत ये होटल शत्रु संपत्ति डिकलेयर कर दिया गया और ये भारत सरकार की निगरानी में चला गया।भारत पाक और भारत चीन युद्ध के बाद भारत में रहने वाले जो नागरिक चीन या पाक में जाकर बस गए और उन्होंने वहां की नागरिकता ले ली तो उनकी भारत में मौजूद संपत्ति को भारत सरकार ने शत्रु संपत्ति घोषित कर अपने स्वामित्व में ले लिया। केंद्र सरकार के मुताबिक, देशभर में 12 हजार 611 संपत्तियां ऐसी हैं जिन्हें शत्रु संपत्ति घोषित किया गया है। इस होटल की छत का डिजाइन इतना खास और आकर्षक था की बहुत कम समय में ही ये फेमस हो गया। मेट्रोपोल होटल के छत की ये शैली पूरे देश में नैनीताल पैटर्न रुफ के नाम से मशहूर हो गई। डपिंग और पार्किंग जोन से लेकर आज जमिंदोज होने तक के सफर में इस मेट्रोपोल होटल ने अपने अस्तित्व को बनाए रखने के लिए काफी लड़ाइयां लड़ी। नवाब साहब के परिजनों के लाख कोशिश करने के बाद भी ये संपत्ति उनको नहीं मिल पाई। जब से ये संपत्ति शत्रु संपत्ति घोषित हुई तब से यहां लोगों ने धीरे-धीरे कब्जा करना शुरु कर दिया था। आज जाम की समस्या के चलते इस मेट्रोपोल होटल को ध्वस्त कर दिया गया।

## बुलडोजर देख खुद कब्जा खाली कर जाने लगे मुस्लिम परिवार

नैनीताल। जिस काम को करने का साहस कोई भी पिछली उत्तराखंड सरकार नहीं जुटा पाई उसे वर्तमान सरकार ने पूरा कर दिया। नैनीताल में हाईकोर्ट के पास करीब 300 करोड़ की शत्रु संपत्ति को शनिवार को खाली करवा लिया गया। गृह मंत्रालय की भूमि से ये अतिक्रमण हटाने की प्रकिया की मॉनिटरिंग खुद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करते रहे। नैनीताल में होटल मेट्रोपोल और उससे जुड़ी करोड़ों रुपये की शत्रु संपत्ति है, जो केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन है। इस पर 134 परिवारों ने कब्जा किया हुआ था। मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति ने इस संपत्ति को खाली करवाने का कभी जोखिम नहीं उठाया। केंद्र सरकार ने शत्रु संपत्तियों की सूची निकलवाई और सर्वे का काम शुरू करवाया, जिसमें उत्तराखंड में नैनीताल, देहरादून, किच्छा और हरिद्वार की शत्रु संपत्तियां चिन्हित की गईं। गृह विभाग चूंकि सीएम धामी के



पास ही है लिहाजा उन्होंने नैनीताल में सीधे इस अभियान को अपने हाथ में लेकर पूरा करवाया। अवैध रूप से बसे कब्जेदारों को जिला प्रशासन ने नोटिस दिया, पर्याप्त समय दिया कि वो खुद इस कब्जे को छोड़कर चले जाएं। अवैध कब्जेदार हाईकोर्ट भी गए, जहां उन्हे कोई राहत नही मिली। हाईकोर्ट के द्वारा याचिका खारिज होते ही जिला प्रशासन ने भारी संख्या में पुलिस फोर्स का फ्लैग मार्च करवाते हुए धारा 144 लगाकर बुलडोजर खड़े कर दिए और मुनादी करवा कर खुद ये कब्जे खाली करने का अंतिम अवसर दे दिया।इस सख्त घोषणा के जारी होते ही अवैध कब्जेदारों ने खुद मकान खाली करने शुरू कर दिए और अपना सामान जीपों में भरकर ले जाने लगे। इस दौरान धारा 144 लगे होने की वजह से किसी भी बाहरी व्यक्ति को वहां फटकने नहीं दिया गया। शत्रु संपति के अतिक्रमण हटाने के अभियान में देर रात्रि से सुबह तीन बजे तक कुमायूं आयुक्त, आईजी डा नीलेश भरणे, एसएसपी पंकज भट्ट मौके पर डटे रहे। 19 जुलाई को अतिक्रमण हटना था, लेकिन हाई कोर्ट में याचिका लगने की वजह से दो दिन विलंब हुआ जैसे ही याचिका खारिज हुई प्रशासनिक अधिकारियों ने मोर्चा संभाल लिया। पल-पल की जानकारी सीएम कार्यालय को दी जा रही थी।

# राजकीय इंटर कॉलेज में खेल प्रतियोगिताओ का समापन

गदरपुर(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी छात्रवृत्ति योजना न्याय पंचायत बराखेड़ा रा0 इंटर कॉलेज गदरपुर में बालिका वर्ग की प्रतियोगिता के साथ दो दिवसीय खेल प्रतियोगिताओ का समापन हो गया। इस दौरान 8 से 14 आयु बालिका वर्ग की सभी खेल प्रतियोगिता सम्पन्न करायी गयी। खेल प्रतियोगिता- 30 मीटर फ्लाइंग रन,स्टेंडिंग ब्रॉड जम्प, फॉरवर्ड बेंड एंड रीच,6गुणा10 शटल रन,मेडिसिन बॉल पुट, 600 मीटर रन।9 से 10 आयु वर्ग सभी खेलों में अंको के आधार पर अमृत बठला सेंट मेरी स्कूल ने प्रथम,10 से 11 आयु वर्ग में सभी खेलों में अंको के आधार पर वैष्णवी रावत सेंट मेरी स्कूल ने प्रथम,10 से 11 आयु वर्ग में सभी खेलों में अंको के आधार पर सुमैया सेंट मेरी स्कूल ने द्वितीय,12 से 13 आयु वर्ग में सभी खेलों में अंको के आधार पर सहजप्रीत कौर सेंट मेरी स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी आयु वर्ग में प्रथम ,द्वितीय स्थान पाने बाले बच्चे ब्लॉक स्तर की खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे ब्लॉक से चयनित सभी बच्चे जिला प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। जिले से अंको के आधार पर 150 बालक,150 बालिका, का चयन मा0 मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी छात्रवृत्ति योजना के लिये चयन होना उन सभी बच्चों को 1500 रुपये प्रतिमाह छात्रवृत्ति एक वर्ष के लिये देय होगी। खेल प्रभारी मनोहर लाल न्याय पंचायत बराखेड़ा ने उक्त जानकारी दी।लेखा का कार्य श्रीमती रमा छाबड़ा,प्रभारी प्रधानाध्यापिका जीपीएस मजराझुन्नी एवं पंकज सिंह चौहान स0अ0 रा0 पूर्व मा0 वि0 सुभाष नगर ने किया। व्यायाम/तकनीकी शिक्षक श्रीमती मिनती रानी जीजीआईसी गदरपुर, साक्षी चौधरी एसएस पब्लिक स्कूल गदरपुर, डी पी सिंह जीआईसी गदरपुर, प्रशांत कुमार सिंह, जीपीएस राजपुरा न0 2, शालिनी आर्य सेंट मेरी स्कूल गदरपुर, जफरुद्दीन यूनिक पब्लिक स्कूल सकैनिया,राजेन्द्र सिंह रा0पूर्व मा0 वि0 आर्यनगर ने समस्त खेल कराने में अपना अहम योगदान दिया। बच्चों को खेलों में प्रतिभाग कराने विद्यालयो से आये शिक्षक, अभिभावक और बच्चे उपस्थित रहे।



# विधायक बेहड़ ने किये 9.97 लाख के विकास कार्यों का किया लोकार्पण

किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ने शनिवार को अपनी विधायक निधि के अंतर्गत निर्मित कराये गए दो विका स कार्यों का नारियल फोडकर उद्घाटन किया, इसके तहत ग्राम मलसी की हरबोला बस्ती में शिव मंदिर के समीप विधायक निधि से एक सार्वजानिक भवन(सत्संग हाल) जिसकी लागत 4.98 लाख तथा किच्छा वार्ड न०-01 चुटकी देवरिया में प्रीतम पाल के घर से गंगा सिंह के मोड़ तक सड़क एंव मिटटी भराव कार्य जिसकी लागत 4.95 लाख है का विधायक बेहड़ द्वारा लोकार्पण किया गया। विधायक बेहड़ अपनी विधानसभा में लगातार विकास कार्यों को बड़ी तेजी के साथ पूरा कर रहे है, इसी क्रम आज विधायक तिलक राज बेहड़ अपनी विधानसभा के ग्राम मलसी में पहुंचे जहाँ ग्रामीणों ने फूल मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया इस दौरान बेहड़ ने कहा कि जब वे जीत कर प्रथम बार आये गाँव मलसी में आये थे तब ग्रामीणों की मांग पर उन्होंहे इस सार्वजनिक भवन को विधायक निधि से बनाये जाने की घोषणा की थी आज बड़े हर्ष की बात है की ये बनकर तैयार हुआ है और इसी प्रकार अपनी हर घोषणा को वे पूरा कर रहे है और सबको आश्वस्त कर रहे है कि आगे भी वे जनहित में गाँव गाँव विकास के कार्य जारी रखेंगे। इसके पश्चात वे ग्राम देवरिया पहुंचे जहाँ उन्होंहे विधायक निधि से निर्मित सड़क का उद्घाटन किया व वार्ड न०- 01 देवरिया के वासियो से मुलाकात की व समस्याओं को सुना द्य देवरिया में भारी संख्या में उपस्थित लोगों ने विधायक बेहड़ का स्वागत किया। इस दौरान किच्छा नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, ब्लाक कांग्रेस कमेंटी अध्यक्ष गुड्डू तिवारी ,नगर कांग्रेस कमेंटी अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ,अरुण कुमार शुक्ला, अशोक चुघ,राजेश प्रताप सिंह, राजेन्द्र दास, मनोज यादव,सभासद रणजीत नागरकोटि, चन्दन पाण्डेय, सुनीता कश्यप ,दानिश मालिक,हामिद अली, अखलाक अहमद ,मोहम्मद अंसारी ,हरजीत सिंह ,गौरी शंकर राय, मुखराम ,रामस्वरूप ,पुष्पलता तिवारी ,हेमलता नेगी ,जितेन्द्र संधू,जीवन जोशी ,छोटू कोली,गंगा सिंह ,उमेश,महाशय ,विष्णु, पारुल , बबलू ,नीरज आदि लोग उपस्थित थे।



## पेज एक का शेष...

**हर शहर को बनायेंगे.....** रूद्रपुर में स्थापित होना शहर के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। इससे न सिर्फ शहर में कचरे के निस्तारण की समस्या का समाधान होगा बल्कि इससे बनने वाली बायोगैस से नगर निगम की आय भी बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान से प्रेरणा लेकर उत्तराखण्ड सरकार राज्य के सभी शहरों को ग्रीन सिटी बनाने का प्रयास कर रही है। इस अध्याय की शुरूआत रूद्रपुर में सीबीजी प्लांट के साथ हो चुकी है। भविष्य में इस तरह के प्लांट अन्य शहरों में भी लगाये जायेंगे। मुख्यमंत्री ने नगर निगम के नये सभागार और कार्यालय के उदघाटन पर सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि शहर की आबादी बढ़ने के साथ ही नगर निगम में भी वर्कलोड बढ़ा है जिसके चलते सभागार और कार्यालय की स्थापना जरूरी थी। सीएम धामी ने कहा कि भाजपा सरकार में सिर्फ वायदे नहीं किये जाते बल्कि उन्हें धरातल पर पूरा भी किया जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आाशीर्वाद से आज उत्तराखण्ड हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। प्रदेश में रोज विकास के नये कीर्तिमान स्थापित हो रहे हैं। सरकार कोने कोने तक विकास की किरण पहुंचाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि रूद्रपुर में आने वाले दिनों में गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलने वाला है। नजूल भूमि पर बसे गरीबों को सरकार बिना किसी शुल्क के मालिकाना हक देने का फैसला कर चुकी है। इसका लाभ हजारों लोगों को मिलेगा। उत्तराखण्ड में विकास की रफ्तार तेजी से आगे बढ़ रही है। अंतिम छोर में खडे व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने का काम निरंतरता से किया जा रहा है। विकास की नई उंचाईयों पर लेजाना हमारा संकल्प है। पिछले नौ वर्षों में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में नया भारत बन रहा है जिसके पास बड़े सपने हैं। मुख्यमंत्री ने मंच से घोषणा करते हुए कहा कि रूद्रपुर में नैनीताल हाईवे का सिडकुल तक सौंदर्यीकरण किया जायेगा, जाम से शहर को निजात दिलाने के लिए मल्टी स्टोरी पार्किंग बनायी जायेगी, जलभराव की समस्या से निपटने के लिए रूद्रपुर में ड्रेनेज सिस्टम की कार्ययोजना बनायी जायेगी। मोदी मैदान में इंडोर और आउटडोर स्टेडियम बनाया जायेगा। इसके साथ ही उन्होंने रूद्रपुर में खस्ताहाल सड़कों के निर्माण के लिए नगर निगम को दो करोड़ देने की घोषणा की। सीएम धामी ने कहा कि विकास का कोई विकल्प नहीं होता। कार्यक्रम के दौरान मेयर रामपाल ने मुख्यमंत्री के समक्ष कई समस्याएं रखी जिन पर सीएम ने गंभीरता पूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम को केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट, विधायक शिव अरोरा ने भी सम्बोधित किया। इससे पूर्व पहली बार नगर निगम में पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का ऐतिहासिक स्वागत किया गया। सीएम धामी के नगर निगम गेट पर पहुंचते ही गाजे बाजों के बीच पार्षद संघ की अध्यक्ष रजनी रावत के नेतृत्व में कुमांऊनी और बंगाली समाज की महिलाओं ने परंपरागत ढंग से सीएम का स्वागत किया। इसके पश्चात महिला स्वयं सहायता समूहों और पर्यावरण मित्रों ने पुष्प वर्षा के साथ सीएम का स्वागत किया। पुष्प वर्षा करते हुए सीएम को कार्यक्रम स्थल तक ले जाया गया। सभागार में पार्षदों ने मेयर रामपाल सिंह की अगुवाई में सीएम धामी को बड़ी माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं पर्यावरण मित्रों की ओर से मुख्यमंत्री के सम्मान एवं शहर व प्रदेश में सुख शांति के लिए हवन यज्ञ भी किया। कार्यक्रम में सीएम धामी को मेयर और पार्षदों ने स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। इस अवसर पर केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट, विधायक शिव अरोरा, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, गदरपुर के विधायक अरविंद पाण्डे, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला,भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, देवभूमि व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष गुरमीत सिंह, भाजपा नेता सुशील गावा राज कुमार खनिजों,विवेक सक्सेना, पुष्कर काला, गुरविंदर सिंह चंडोक, पार्षद आयुष तनेजा, कमलेंद्र सेमवाल,हिमांशु शुक्ला,विवेक सक्सेना, धीरेन्द्र मिश्रा,समीर चतुर्वेदी, दिवाकर पाण्डेय एडवोकेट, टिंकू सक्सेना,कौशल सक्सेना,सुरेश परिहार, रजत बत्रा,जिलाधिकारी उदय राज सिंह,एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी, मुख्य नगर अधिकारी विशाल मिश्रा, हरीश चौधरी,

**बाघ की खाल और...** है। गिरफ्तार चारों तस्कर जनपद पिथौरागढ़ स्थित धारचूला के रहने वाले हैं और लम्बे समय से वन्यजीव अंगो की तस्करी में लिप्त थे। निरीक्षक श्री सिंह ने बताया कि कल शाम एसटीएफ को गोपनीय सूचना मिली कि चार शातिर तस्कर एक सफेद रंग की बोलेरो जीप से खटीमा की तरफ आ रहे हैं। जिस पर संयुक्त टीम द्वारा घेराबन्दी कर उन्हें खटीमा टॉल प्लाजा के पास रोक लिया गया। वाहन की तलाशी लेने पर उसके अन्दर से टाइगर की खाल व भारी मात्रा में हड्डियाँ बरामद हयी। गिरफ्तार तस्करों ने पूछताछ में एसटीएफ को बताया कि उक्त टाइगर की खाल व हड्डी को वे काशीपुर निवासी एक व्यक्ति से लाये थे और जिसे आज बेचने के लिए खटीमा ले जा रहे थे। अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास के सम्बन्ध में जानकारी की जा रही है। पकड़े गये तस्करों के विरुद्ध तराई पूर्वी वन प्रभाग खटीमा में वन्यजीव जन्तू संरक्षण अधिनियम में पंजीकृत कराया गया। अभियुक्तों से तस्करी के सम्बन्ध में एसटीएफ द्वारा विस्तृत पूछताछ की जा रही हैं। एसटीएफ की इस कार्यवाही में आरक्षी महेन्द्र गिरि व किशोर कुमार की विशेष भूमिका रही। उन्होंने बताया कि पूछताछ करने पर गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपना नाम पता कृष्ण कुमार पुत्र वीर राम निवासी ग्राम बगीचा, थाना धारचूला जनपद पिथौरागढ़, गजेंद्र सिंह पुत्र भगत सिंह निवासी गोठी कालिका, थाना धारचूला जनपद पिथौरागढ़, संजय कुमार पुत्र नंदन राम निवासी गोठी कालिका, थाना धारचूला जनपद पिथौरागढ़ तथा हरीश कुमार पुत्र शेर राम निवासी गोठी कालिका, थाना धारचूला जनपद पिथौरागढ़ बताया। उनके बोलेरो वाहन संख्या यूके 05 टीए 2815 से टाइगर (बाघ) की एक खाल लम्बाई 11 फिट,करीब 15 किग्रा बाघ की हड्डियाँ बरामद हुई। उन्होंने बताया कि कड़ी पूछताछ के दौरान पकड़े गए तस्करों से पता चला कि बाघ को एक व्यक्ति ने करीब दो माह पूर्व कोटद्वार के राजपुर जंगल में मारा था। जिसकी तलाश में टीम जुट गई है। उन्होंने बताया कि खाल में किसी भी प्रकार की चोट का निशान ना होने से यह प्रतीत होता है कि संभवतया बाघ को जहर देकर मारा गया होगा। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसटीएफ कुमायूँ यूनिट के निरीक्षक एमपी सिंह, उनिरी. केजी मठपाल,उनि बृजभूषण गुरुरानी, मुख्य आरक्षी महेंद्र गिरी, किशोर कुमार, दुर्गा सिंह पापड़ा, गुरवंत सिंह, चालक संजय कुमार सहित तराई पूर्वी वन प्रभाग, हल्द्वानी टीम के कैलाश चंद्र तिवारी डिप्टी रेंजर, प्रमोद सिंह बिष्ट डिप्टी रेंजर,पान सिंह मेहता वन दरोगा, निर्मल रावत वन दरोगा, उत्तम सिंह राना वन दरोगा व जीत प्रकाश वन आरक्षी शामिल थे।

**पहली बार मेयर...** नहीं होगा तब तक वह मेयर की कुर्सी पर न बैठकर साधारण कुर्सी पर बैठकर ही काम करेंगे। पिछले साढ़े चार साल से मेयर अपनी कुर्सी पर नहीं बैठे थे उन्होंने मेयर वाली कुर्सी पर अपने घोषणा पत्र को बकायदा फ्रेम करके रखा था ताकि उन्हें अपनी घोषणाएं याद रहे। अब हाल ही में धामी सरकार द्वारा नजूल नीति का सरलीकरण करने के बाद फ्रीहोल्ड की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। जिससे मेयर का संकल्प भी पूरा हो चुका है। रविवार को सीएम ने नगर निगम में कार्यक्रम के दौरान मेयर रामपाल को उनके नये कार्यालय में सीएम पुष्कर सिंह धामी, केन्द्रीय मंत्री अजय भट्ट, विधायक शिव अरोरा, भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने जब कुर्सी पर बैठाया तो मेयर भावुक उठे। उनके आंसू छलक पड़े। सीएम धामी ने मेयर को 56 माह बाद कुर्सी पर बैठने के लिए बधाई दी और सराहनीय कार्यों के लिए उनकी पीठ भी थपथपाई।

**मोदी मैदान का वाकया...** स्थानांतरित करने की मांग करते हुये कहा कि रूद्रपुर का मोदी मैदान ही एक मात्र ऐसा विशाल मैदान है जहां बड़ी बड़ी रैली और सभायें हो सकती है, यदि वहां आवास बन गये तो बड़े आयोजनों के लिये नगर में कोई मैदान नही बचेगा। श्री धामी ने कहा कि उन्होंने इसको गंभीरता से विचार करते हुये तुरन्त केन्द्र से मांग करते हुये आवास योजना को अन्यंत्र बनाये जाने की बात कहीं गई। केन्द्र ने जनता के हितों को देखते हुये इस योजना को बागवाला क्षेत्र में स्थानांतरित किया गया, जहां बड़ी तेजी से आवासों का निर्माण किया जा रहा है।

**होटल व्यवसायी को ...** पर्दाफाश किया था। फरार माही और उसके प्रेमी हल्दूचौड़ निवासी दीप कांडपाल की गिरफ्तारी के लिए पुलिस और एसओजी की चार टीमों के लगाया गया था। पुलिस और एसओजी को इनपुट मिला था कि दोनों हत्यारोपी नेपाल फरार हो गये हैं। नेपाल सीमा के अलावा दिल्ली में दोनों की तलाश की जा रही थी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक माही और उसके प्रेमी दीप कांडपाल को गिरफ्तार कर लिया गया है। माही कहां से पकड़ी गई? उसके कहां भागने की प्लानिंग थी? इन सबसे एसएसपी पंकज भट्ट दोपहर बाद पर्दा उठायेंगे।

**तलाक नहीं देने ...** लेकर उसके घर में घुस गये। उन्होने उस पर जान से मारने की नीयत से जानलेवा हमला कर उसका हाथ काट दिया। जब उसे बचाने उसकी बूढ़ी माँ बलवीर कौर आयी तो उसको नीचे गिरा कर मारा। शोर होने पर आस पास के लोग आये तो उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। घटना के बाद से उसे लगातार जान माल का खतरा बना हुआ है। जसवीर का कहना है पिछले 8 वर्ष से उसकी पत्नी उससे तलाक मांग रही है। जब तलाक देने के लिए मना किया तो उसने उस पर हमला बोल दिया और जान से मारने का प्रयास किया। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर ली है।

**डंपर की टक्कर से ...** हार हाथी थाना नगला सिंधी टूडला फिरोजाबाद उप्र को मृत घोषित कर दिया। घायल प्रदीप पुत्र बंशीलाल निवासी यात्रा बिहारी कनागल थाना एडामोला आगरा की हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है।हादसे के बाद आरोपी डम्पर चालक अपना वाहन लेकर फरार हो गया। हादसे के बाद आक्रोशित हुई भीड़ ने हंगामा काटा और वहां पर एक कार में आग लगा दी। पुलिस ने बमुश्किल भीड़ को शांत किया। दमकल की टीम ने किसी तरह से कार में लगी आग पर काबू पाया। पुलिस घटना को अंजाम देने वाले डम्पर चालक की तलाश कर रही है।

**कैंटर की टक्कर से ....** स्वत: लगाया जा सकता है। फिलहाल दुर्घटना के बारे में एस ओ कुंडा से कैंटर नंबर पता करने का प्रयास किया तो उन्होंने कहा कि पहले तहरीर आने दो। पोस्टमार्टम कराने आए पुलिसकर्मियों ने भी दुर्घटना में प्रयुक्त वाहन के बारे में कुछ भी बताने से मना कर दिया। देर रात जहां हादसा घटित हुआ वहीं पास में थाने के ठीक सामने सड़क अतिक्रमण कर आधा दर्जन से अधिक दुकानें लगाई जा रही हैं। दुकानों की लगने के कारण भी उक्त स्थान पर हर वक्त दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इसके अलावा थाने के सामने मोड पर बेहद खतरनाक स्पीड ब्रेकर बनाए गए हैं। पूर्व में भी इसी स्पीड ब्रेकर पर बड़ी दुर्घटनाएं होते-होते बच गई।

**समझदार के साथ....** भट्ट ने कहा कि कुछ वर्ष पूर्व खटीमा में आयोजित एक रैली में उन्होंने स्पष्ट कहा था कि श्री धामी बहुत आगे जायेंगे और आज यह सच भी हो रहा है। श्री धामी के नेतृत्व में प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है। प्रदेश की बड़ी-बड़ी समस्याओं को उनके द्वारा तुरन्त समाधान किया जा रहा है। प्रदेश के युवा श्री धामी को अपना प्रेरणाश्रोत मानते है। श्री धामी द्वारा देश के प्रधानमंत्री से प्रदेश के विकास के लिये जो मांगा जाता है, उन्हे तुरन्त मिल जाता है। यह सभी श्री धामी की काबिलियत का ही परिणाम है।

**जत्थेदार बाबा तरसेम...** से मारने की धमकी दी। प्रबंधक चरनजीत सिंह ने बताया कि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी व डेरा कार सेवा अलग-अलग संस्थाएं हैं। सोशल मीडिया पर बाबा को जान से मारने की धमकी की जानकारी मिलते ही डेरे समर्थकों में रोष व्याप्त है। थानाध्यक्ष देवेंद्र गौरव ने बताया कि तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 120 बी, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# गावा ने सीएम धामी और भट्ट का किया स्वागत

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। नगर निगम में स्थापित हुए बहुउद्देशीय भवन के उद्घाटन समारोह में भाजपा नेता सुशील गावा ने भी अपने साथियों के साथ शिरकत की। श्री गाबा ने इस इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, सांसद अजय भट्ट, मेयर रामपाल सिंह एवं जिला प्रभारी पुष्कर काला पुष्प गुच्छ भी भेंट किया। भाजपा कार्यकर्ता सुशील गाबा ने उत्तराखंड के पहले कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट एवं स्व. श्री सुभाष चतुर्वेदी स्मृति सभागार के निर्माण एवं उद्घाटन पर मेयर रामपाल सिंह को साधुवाद देते हुए कहा कि यह प्लांट एवं सभागार रुद्रपुर की जनता के लिए बहुत जनउपयोगी होगा और कूड़ा के निस्तारण में मदद मिलेगी।



संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

CONSTRUCTING HAPPINESS

Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden

RERA APPROVED PROJECT
UKREP05230000497

# काशी गार्डन

## आवासीय प्लॉट एवं विला

- रेरा एप्रूव्ड कॉलोनी
- 40 एवं 30 फीट की सड़कें
- 4 पार्क
- गेट बंद कॉलोनी
- सीवरेज व्यवस्था
- ए-क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर
- 90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा

साईट ऑफिस - शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास, रुद्रपुर

86504-18000